RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : बुधवार 07 फरवरी 2024 | वर्ष 05 | अंक 286 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये



# दैनिक रोकठोक लेखनी ®

खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App


## रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर 300 उम्मीदवारों से 21 करोड़ रुपये की ठगी, आरोपी गिरफ्तार





**मुंबई।** रेलवे में नौकरी दिलाने का वादा कर 300 से अधिक लोगों से करीब 21 करोड़ रुपये ठगने वाले एक व्यक्ति को पश्चिम रेलवे (डब्ल्यूआर) सतर्कता विभाग ने गिरफ्तार कर लिया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एक गुप्त सूचना के बाद, सतर्कता अधिकारियों ने निगरानी रखी और तीन महीने से अधिक समय से जारी फजीवाड़े का पता लगाया। पश्चिम रेलवे के मुख्य प्रवक्ता सुमित ठाकुर ने कहा कि सतर्कता टीम ने एक बाहरी व्यक्ति और रेल में नौकरी चाहने वाले दो प्रॉक्सी उम्मीदवारों की मदद से संदिग्ध को पकड़ने के लिए जाल बिछाया। शेष राशि एकत्र करने के लिए मुंबई सेंट्रल स्टेशन पर उसे बुलाने के जाल के हिस्से के रूप में, गूगलपे के माध्यम से आरोपी के खाते में आंशिक भुगतान के रूप में 20 हजार रुपया भी डाला गया था। शुक्रवार दोपहर दो बजे जब वह निर्दिष्ट स्थान पर एक काम के एवज में बाकी रकम लेने आया तो पकड़ा गया। डब्ल्यूआर सतर्कता जांच से पता चला है कि आरोपी ने कथित तौर पर प्रति उम्मीदवार 9-10 लाख रुपये एकत्र किए थे। वह कोलकाता स्थित सहयोगी की सहायता से जाली दस्तावेज बनाता था। ठाकुर ने कहा कि आरोपी के स्मार्टफोन में ब्लॉक किए गए 180 नंबर पाए गए, जो संभवतः पीड़ितों के थे, जिन्होंने रेलवे में नौकरी पाने के लिए उसे भारी रकम दी थी।

## महाराष्ट्र की सियासत: चुनाव आयोग से शरद पवार को बड़ा झटका

>> भतीजे के पक्ष में आया फैसला
>> अजित गुट ही असली NCP





महाराष्ट्र की सियासत को लेकर बड़ा फैसला आया है। चुनाव आयोग ने अजित पवार वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी को ही असली एनसीपी करार दिया है। फैसला दिग्गज राजनेता और अजित के चाचा शरद पवार के लिए बड़ा झटका है। जानकारी के मुताबिक, छह महीने से अधिक समय तक चली 10 से अधिक सुनवाई के बाद चुनाव आयोग ने एनसीपी में विवाद का निपटारा किया और अजीत पवार के नेतृत्व वाले गुट के पक्ष में फैसला सुनाया। अब एनसीपी का नाम और चुनाव चिह्न 'घड़ी' अजित पवार के पास रहेगा।

**शरद पवार के पास क्या विकल्प?**

चुनाव आयोग ने अपने नए राजनीतिक गठन के लिए एक नाम का दावा करने और आयोग को तीन प्राथमिकताएं देने का एक बार का विकल्प प्रदान किया है। रियायत का उपयोग 7 फरवरी, 2024 को दोपहर 3 बजे तक किया जा सकता है।

**एनसीपी का मामला क्या है?**

बीते साल महाराष्ट्र की सियासत में बड़ा उलटफेर हुआ, जब अजित पवार ने एनसीपी से बगावत कर दी। पार्टी में फूट के बाद एनसीपी पर अधिकार पर चाचा-भतीजे आमने-सामने आ गए। अजित पवार गुट ने चुनाव आयोग में हलफनामा दायर किया। वहीं, शरद पवार खेमे ने भी चुनाव आयोग में एक कैविएट दायर कर अनुरोध किया कि पार्टी की लड़ाई के संबंध में कोई भी निर्देश पारित करने से पहले उनकी बात सुनी जाए। इसके बाद चुनाव आयोग ने दोनों पक्षों के दस्तावेज जांचें और दलीलें सुनीं।

## मोबाइल ऐप से करे वायु प्रदूषण की शिकायत

### मनपा ने लोगो को उपलब्ध कराया मोबाइल एयर ऐप



**मुंबई।** बढ़ते प्रदूषण को लेकर मुंबई हाईकोर्ट ने मुंबई महानगर पालिका को ऐप निर्माण करने का निर्देश दिया था जिस पर लोग अपनी शिकायत दर्ज करा सके।कोर्ट के आदेश पर मनपा ने मुंबई एयर नामक मोबाइल ऐप तैयार किया है जिस पर लोग अपनी शिकायत दर्ज करा सकेंगे।यह ऐप अभी फिलहाल एंड्राइड फोन पर उपयोग किया जा सकेगा जबकि आने वाले दिनों में आईओएस पर भी ऐप की सुविधा उपलब्ध होगी। बता दे कि बॉम्बे हाई कोर्ट ने एक जनहित याचिका पर मनपा को मुंबई में वायु प्रदूषण की शिकायतों के लिए एक वेबसाइट (वेब पोर्टल) और मोबाइल एप्लिकेशन विकसित करने का निर्देश दिया था। कोर्ट के आदेश पर मनपा ने एंड्रॉइड पर 'मुंबई एयर' नामक एक विशेष एप्लिकेशन विकसित किया है। नागरिकों को इस एप्लिकेशन का उपयोग करके शिकायत दर्ज करने की सुविधा दी गई है। ऐप पर वार्ड स्तर पर शिकायत दर्ज करने की सुविधा भी प्रदान की गई है। शुरूआत में इस एप्लिकेशन को एंड्रॉइड प्लेटफॉर्म पर उपयोग के लिए उपलब्ध कराया गया है।आने वाले दिनों में आईओएस पर भी ऐप की सुविधा उपलब्ध होगी। मनपा प्रशासन वायु प्रदूषण रोकने के लिए स्थानीय स्तर पर विभिन्न योजनाओं का कार्यान्वयन कर रहा है। पर्यावरण विभाग ने नागरिकों के अपने परिसर की वायु प्रदूषण से संबंधित शिकायत करने के लिए मोबाइल एप्लिकेशन के साथ-साथ वेबसाइट (वेब पोर्टल) भी उपलब्ध कराया है। मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से नागरिकों के लिए अपने क्षेत्र में शिकायत दर्ज करना आसान होगा और मनपा को भी कार्रवाई करने में भी आसानी होगी।

मनपा द्वारा शुरू किए गए मोबाइल ऐप पर पिछले छह महीनों की सभी शिकायतें देखी जा सकती हैं। नई शिकायत दर्ज करते समय शिकायत का विवरण, स्थान, सड़क का नाम, विभाग का नाम, शिकायत से संबंधित फोटो (फोटो) आदि शिकायत के साथ भरना होगा।जिससे कार्रवाई करना आसान होगा इतना ही नहीं कार्रवाई के बाद शिकायत करता को दोबारा उसकी जानकारी भी उपलब्ध कराई जाएगी।

## 'देश की दिशा तय करेगा महाराष्ट्र, दिल्ली से टकराएगा भगवा तूफान और...', उद्धव ठाकरे का मोदी पर हमला



**मुंबई।** शिवसेना-उद्धव बालासाहेब ठाकरे (शिवसेना-यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने मंगलवार को दावा किया कि महाराष्ट्र देश की दिशा तय करेगा और ''एक भगवा तूफान दिल्ली से टकराएगा तथा तानाशाही को उखाड़ फेंकेगा''. मुंबई में अपने आवास 'मातोश्री' में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, ''तानाशाही विकल्प नहीं हो सकती और इसे जड़ से उखाड़ फेंका जाना चाहिए.'' उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र देश की दिशा तय करेगा, जो तानाशाही को उखाड़ फेंकेगा.

**क्या बोले उद्धव ठाकरे?**

शिवसेना-यूबीटी में शामिल होने वाले मराठवाड़ा के लोगों को संबोधित करते हुए ठाकरे ने कहा, ''एक भगवा तूफान दिल्ली से टकराएगा और तानाशाही को उखाड़ फेंकेगा. कुछ लोगों के मन में विपक्षी गठबंधन 'इंडिय' और महाविकास अघाडी (एमवीए) को लेकर सवाल हैं लेकिन विकल्प कहां है.'' उन्होंने कहा, ''तानाशाही विकल्प नहीं हो सकती और इसे जड़ से उखाड़ फेंकना चाहिए.'' ठाकरे ने दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के कई कार्यकर्ता और मुस्लिम समुदाय के लोग उनकी पार्टी में शामिल हो रहे हैं. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तंज कसते हुए शिवसेना यूबीटी के नेता ने कहा कि 'मन की बात' और 'जन की बात' के बीच कोई संबंध नहीं है.

**महाराष्ट्र आने वाले हैं पीएम मोदी**

आगामी 19 फरवरी को छत्रपति शिवाजी महाराज की 394वीं जयंती पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी टोल-फ्री मुंबई तटीय सड़क परियोजना चरण-1 का उद्घाटन करेंगे, जिससे देश की वाणिज्यिक राजधानी में सड़क यातायात में क्रांति आने की उम्मीद है. 'छत्रपति शिवाजी महाराज तटीय मोटर मार्ग' को बृहन्मुंबई म्युनिसिपल कारपोरेशन अपने संसाधनों से क्रियान्वित करेगा. मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के सुझाव के मुताबिक, सीएसएमसीएम मुंबई यात्रियों के लिए टोल-फ्री होगा और वर्ली से मरीन लाइन्स तक 10.58 किमी की यात्रा का समय मौजूदा 50 मिनट से घटाकर बमुश्किल 15 मिनट कर देगा.



# संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

## युवाओं की आत्महत्या में निरंतर वृद्धि


आज यह जानना-समझना बेहद जरूरी है कि ऐसा क्या हुआ है कि विगत एक दशक में युवाओं की आत्महत्या में निरंतर वृद्धि हो रही है। एनसीआरबी की ताजा रिपोर्ट बताती है कि भारत में पिछले एक दशक में आत्महत्या करने वाले छात्रों की संख्या में सत्तर प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वहीं अमेरिका में पिछले दो दशकों में युवाओं में आत्महत्या की दर में 62 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।'' मम्मी-पापा सारी, आइ एम लूजर... मैं जेईई नहीं कर पाई। इसलिए सुसाइड कर रही हूं। यही लास्ट आप्शन है।'' इन पंक्तियों के साथ न जाने कितनी पीड़ा लेकर पिछले दिनों एक बच्ची निहारिका ने अपना जीवन खत्म कर लिया। वह कोटा में रहकर एक कोचिंग सेंटर में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही थी। कोटा में बीते सप्ताह आत्महत्या की यह दूसरी घटना है। इससे पहले नीट की तैयारी कर रहे मोहम्मद जैद ने आत्महत्या कर ली थी। ऐसा सिर्फ कोटा में ही नहीं हो रहा है। ऐसे हादसे पूरे भारत या कहें विश्व में घटित हो रहे हैं और हम किंकर्तव्यविमूढ़ बने ये सब घटित होते हुए देख रहे हैं। क्या इसके लिए पूरा समाज जिम्मेदार नहीं है? या फिर हम घोर स्वार्थी हो इसे बच्चों की मानसिक कमजोरी मानकर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ रहे हैं। घर के भीतर और बाहर अनकहे दर्द से भरी तमाम आंखें हमारी ओर देख रही हैं, पर हम अपनी आकांक्षाओं के आगे बच्चों की उस पीड़ा को अल्पकालिक समझ उन पर निरंतर दबाव बनाए जा रहे हैं। जब अभिभावक और समाज बच्चों के जीवन की कीमत पर अपनी महत्वाकांक्षाओं के घोड़े दौड़ा रहा हो तो समझ लेना चाहिए कि यह सामाजिक-सांस्कृतिक विध्वंस की पराकाष्ठा है। यह एक ऐसा गंभीर विषय है जिस पर विस्तृत चर्चा बेहद जरूरी है, परंतु यह हमारे शोध विषयों से गायब है। आज यह जानना-समझना बेहद जरूरी है कि ऐसा क्या हुआ है कि विगत एक दशक में युवाओं की आत्महत्या में निरंतर वृद्धि हो रही है। एनसीआरबी की ताजा रिपोर्ट बताती है कि भारत में पिछले एक दशक में आत्महत्या करने वाले छात्रों की संख्या में सत्तर प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वहीं अमेरिका में पिछले दो दशकों में युवाओं में आत्महत्या की दर में 62 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। अमूमन सभी देश युवा आत्महत्या के संदर्भ में एक ही पायदान पर खड़े दिखाई दे रहे हैं। हाल में ''एनल्स आफ पीडियाट्रिक्स एंड चाइल्ड हेल्थ'' में एक शोध प्रकाशित हुआ, जिसमें बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य के बारे में गंभीर प्रश्न उठाए गए हैं। इसमें वर्षों तक बच्चों के भीतर पनप रहे अवसाद, चिंता और आत्मघाती विचारों और व्यवहारों की तीव्रता के संबंध में गहन अध्ययन किया गया है। लास एंजिलिस स्थित कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय की मनोचिकित्सक प्रोफेसर जोसेलीन मेजा कहती हैं कि ''हम व्यक्तिगत स्तर पर लक्षणों को कम करने पर बहुत ध्यान केंद्रित करते हैं, लेकिन उन कारणों की अवहेलना कर रहे हैं, जो कि प्रणालीगत हैं। हम वास्तव में सामाजिक संरचनाओं की अनदेखी कर रहे हैं।'' यह एक महत्वपूर्ण तथ्य है कि आत्महत्या जिसे हम अमूमन ''व्यक्तिगत क्रिया'' मानकर विश्लेषित करते हैं वह एक ''सामाजिक क्रिया'' है। समाजशास्त्री एमिल दुर्खीम ने भी अपनी पुस्तक ''सुसाइड'' में इस विषय पर गहन शोध के पश्चात यह स्पष्ट किया है कि सामाजिक तानाबाना तथा परिस्थितियां किसी भी व्यक्ति को आत्महत्या करने के लिए विवश करती हैं। अगर इस दृष्टिकोण को केंद्र में रखकर बच्चों के जीवन को करीब से देखा जाए तो कुछ तथ्य स्पष्ट दिखाई देते हैं, जैसे-बच्चे तनाव और अवसाद में हैं। अवसाद कोई बाहरी तत्व नहीं है।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# अभय योजना का 1 लाख 70 हजार लोगों ने लिया लाभ

## बकाया शुल्क में छूट देकर लोगो की दी गई राहत

**मुंबई।** पानी का सालो साल से बकाया बना हुआ बिल को वसूलने के लिए मनपा ने अभय योजना शुरू की। मनपा की इस योजना का अब तक 1 लाख 70 हजार ग्राहकों ने लाभ लिया है। मनपा पानी बिल बकायेदारों से 2 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क वसूलती है। अभी योजना के तहत मनपा अतिरिक्त कमाई तो नहीं होती लेकिन बकाया बिल की वसूली हो जाती है। ग्राहक को पानी का बिल जारी होने के बाद दी गई तारीख से एक महीने के भीतर पानी का बिल का भुगतान (bill payment) करना अनिवार्य है। तय समय में पानी का बिल नहीं भरे जाने पर मनपा ग्राहकों से दो फीसदी अतिरिक्त शुल्क वसूलती है। चालियो में रहने वाले अधिकांश लोग बिल नहीं भर पाने पर पानी का मिटर कट जाता है ग्राहक दुसरे से पानी लेकर अपनी जीविका चलाते है। मनपा नल कनेक्शन धारको को नल कनेक्शन दोबारा शुरू करने के लिए अभय योजना के तहत छूट देकर नल कनेक्शन देने की शुरूआत 15 फरवरी 2020 से की है। इस योजना के शुरू होने के बाद लगभग दस महीने में ही 56 हजार 964 लोगों ने इसका लाभ लिया। मनपा तभी से अभय योजना का लाभ लोगों को देती आ रही है और चरण पद्धति से अभय योजना का विस्तार किया गया। जिसका लाभ अब तक 1 लाख 70 हजार लोगों ने लिया है। मुंबई शहर की लगभग 1 करोड़ 40 लाख जनसंख्या है जिन्हे मनपा प्रतिदिन 3 हजार 850 मिलियन लीटर पीने का पानी उपलब्ध कराती है। मनपा मुंबई के लोगो को स्वच्छ और पर्याप्त पेयजल मिले यह सुनिश्चित करने के लिए हर साल 3 हजार 400 करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च करती है। लोगों को पीने का पानी मिलता रहे इसके लिए बकाया पानी बिल का भुगतान समय पर करना जरूरी है। लेकिन कुछ ग्राहकों द्वारा पानी का बिल समय पर नहीं चुकाने के कारण बकाया बिल की राशि बढ़ जाती है। मनपा को पानी और सीवरेज से हर साल करीब डेढ़ हजार करोड़ रुपये की आमदनी होती है। बकाएदारों की संख्या बढ़ने से आय में भारी गिरावट दर्ज होने लगी। मनपा द्वारा अभय योजना शुरू किए जाने से दंड का शुल्क तो नहीं मिला लेकिन लगभग एक लाख 70 हजार 363 उपभोक्ताओं ने फरवरी 2020 से दिसंबर 2023 तक बकाया बिल का भुगतान कर अपना नल कनेक्शन दोबारा शुरू कराया जिससे मनपा को 280 करोड़ से अधिक की कमाई हुई। अभय योजना का ग्राहकों को भी 60 से 65 करोड़ रुपये का फायदा हुआ है।



## ऑक्टोजेरियन गोल्फर ने रिवोल्यूशनरी सर्जरी के माध्यम से सक्रिय जीवनशैली हासिल की


**मुंबई:** क्रोनिक इस्केमिक हृदय रोग के इतिहास वाले 8 वर्षीय खिलाड़ी को परिश्रम के दौरान सांस फूलने की शिकायत के बाद मार्च में लीलावती अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हालाँकि, डॉक्टरों ने ट्रांसकैथेटर एओर्टिक वाल्व रिप्लेसमेंट (टीएवीआर) किया, जो एक न्यूनतम इनवेसिव सर्जरी है, जिससे मरीज को सर्जरी के एक सप्ताह के भीतर अपने दैनिक काम करने में मदद मिली। डॉक्टरों के अनुसार, मरीज 81 साल का था और उसे 2019 में परक्यूटेनियस ट्रांसल्यूमिनल कोरोनरी एंजियोप्लास्टी (पीटीसीए) का स्वास्थ्य इतिहास था। इसलिए उन्हें एक इकोकार्डियोग्राम करना पड़ा, जिसमें गंभीर महाधमनी स्टेनोसिस के साथ फाइब्रो डिजेनरेटिव कैल्सीफिक एओर्टिक वाल्व स्केलेरोसिस की पुष्टि हुई। इसके अलावा रोगी को गोल्फ खेलने या तैराकी का शौक था लेकिन सांस फूलने और लगातार थकान के कारण उसे रुकना पड़ा। कुछ ही महीनों के भीतर, महाधमनी स्टेनोसिस से जुड़े लक्षणों के कारण उनका सक्रिय जीवन प्रतिबंधित हो गया। हालाँकि, मरीज को ट्रांसकैथेटर एओर्टिक वाल्व रिप्लेसमेंट (टीएवीआर) से गुजरना पड़ा, जिसे डॉ. रविंदर सिंह राव ने कार्डियक कैथीटेराइजेशन प्रयोगशाला में सचेत बेहोशी के तहत किया था। टीएवीआर एक न्यूनतम इनवेसिव प्रक्रिया होने के कारण इस मरीज की उम्र और पिछले चिकित्सा इतिहास को देखते हुए उसके लिए पसंदीदा उपचार था। नए ट्रांसकैथेटर वाल्व को दाहिनी ऊरु धमनी के माध्यम से स्थापित और तैनात किया गया था।



## मुंबई के छिपे हुए समुद्री आश्चर्यों की खोज


**मुंबई:** मुंबई के जलीय क्षेत्र में एक मनोरम यात्रा पर निकलते हुए, कोस्टवाइज मरीन फेस्टिवल फरवरी भर में मनोरम सैर और इंटरैक्टिव कार्यशालाओं की एक श्रृंखला के साथ फिर से शुरू होता है। 2021 से एक अंतराल के बाद वापसी करते हुए, मैंग्रोव फाउंडेशन, कोस्टल कंजर्वेशन फाउंडेशन, डब्ल्यूडब्ल्यूएफ इंडिया और द मुंबई जू द्वारा 2018 में शुरू किया गया यह महोत्सव, मुंबई की तटीय रेखाओं के साथ समुद्री पारिस्थितिक तंत्र के अनदेखे आख्यानों पर प्रकाश डालने के लिए समर्पित है।

तटीय संरक्षण फाउंडेशन के निदेशक शौनक मोदी ने महोत्सव के मुख्य मिशन को साझा करते हुए जोर दिया, ''हमारा उद्देश्य हमारे तटों के साथ छिपे स्थानों को उजागर करना और हमारे शहरी परिदृश्य के भीतर कम ज्ञात समुद्री पारिस्थितिक तंत्रों को उजागर करना है। एक मल्टीमीडिया उत्सव की मेजबानी करने का निर्णय समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र में योगदान देने वाले प्रत्येक व्यक्ति को शामिल करने की इच्छा से प्रेरित था।'' महोत्सव की शुरूआत सैसून डॉक में डॉकयार्ड क्रॉनिकल्स के साथ हुई, जिसमें एक मत्स्य-थीम वाले अभियान का अनावरण किया गया, जो छोटे पैमाने और वाणिज्यिक मत्स्य पालन की बारीकियों पर प्रकाश डालता है। आगामी हाइलाइट में प्रशंसित फोटोग्राफर सारंग नाइक के नेतृत्व में शहरी वन्यजीव फोटोग्राफी कार्यशालाएं शामिल हैं, जो इस सप्ताह के अंत में मुंबई चिड़ियाघर और जुहू बीच पर आयोजित होने वाली हैं।



## बैंक द्वारा जब्त बंधक फ्लैट खरीदने के लिए बिल्डर को दिया धोखा

**मुंबई।** एक डेवलपर ने उसे बोरीवली में एक फ्लैट बेचने के लिए दो व्यक्तियों के खिलाफ धोखाधड़ी और जालसाजी का मामला दर्ज किया है, जिसे पहले से ही सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के पास 2 करोड़ रुपये में धोखाधड़ी से गिरवी रखा गया था। पोलो इंफ्रा डेवलपर्स के मालिक हार्दिक मेहता के अनुसार, अमी कलश बिल्डिंग में फ्लैट अमीना कोठारी का था, जिन्होंने पुनर्विकास के चलते इमारत खाली कर दी थी।



आरोपी झ देवेन्द्र झावेरी और जतिन शाह झ ने इसके दस्तावेज जाली बनाए और इसे गिरवी रख दिया, केवल समान मासिक किश्तों का भुगतान करना बंद कर दिया, जिसके बाद इसे जब्त कर लिया गया। उन्होंने यह फ्लैट मेहता को 75 लाख रुपये में बेच दिया। मेहता को झावेरी और शाह से एक दलाल ने मिलवाया था। दोनों ने तीन इमारतों के पुनर्विकास का प्रस्ताव रखा और अपने कब्जे में एक कन्वेयंस प्रमाणपत्र प्रस्तुत किया, भले ही स्वामित्व दूसरों के पास था। ये तीनों इमारतें भारत कॉप बैंक लिमिटेड के सामने आईसी कॉलोनी में स्थित हैं।

# राहुल गांधी की न्याय यात्रा में शामिल होंगे अखिलेश यादव?

## कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने भेजा न्योता...

**मुंबई :** कांग्रेस ने राहुल गांधी की अगुवाई में निकाली जा रही पार्टी की भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने के लिए समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव को निमंत्रण भेजा है. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को 16 फरवरी को यात्रा के उत्तर प्रदेश पहुंचने पर उसमें शामिल होने के लिए निमंत्रण भेजा है. 16 फरवरी को यूपी के चंदौली के सैयदराजा स्थित





नेशनल इंटर कॉलेज में इस यात्रा के तहत एक जनसभा का आयोजन होगा. इसी में शामिल होने के लिए अखिलेश यादव को आमंत्रित किया गया है. अखिलेश यादव राहुल गांधी की यात्रा में शामिल होंगे या नहीं, इस बारे में अभी पुष्टि नहीं हुई है.

**निमंत्रण को लेकर अखिलेश यादव ने कसा था तंज**

इससे पहले रविवार (4 फरवरी) को अखिलेश यादव ने मीडिया से बात करते हुए निमंत्रण को लेकर तंज कसा था. उन्होंने कहा था कि कई बड़े कार्यक्रम होते हैं लेकिन निमंत्रण नहीं मिलता. दरअसल, जब अखिलेश यादव से मीडिया की ओर से पूछा गया कि क्या आप भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होंगे? इस पर सपा अध्यक्ष ने कहा, ''मुश्किल तो ये हैं कि कई बड़े आयोजन होते हैं, बड़े कार्यक्रम होते हैं, हम लोगों को निमंत्रण ही नहीं मिलता. तो अपने आप क्या मांगें हम निमंत्रण. अखिलेश यादव ने कहा था कि जब आवाज उठाई तो सुनने आया है कि उन्होंने कहा कि निमंत्रण दे दो इनको, ठीक है.

### अभी कहां है राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा?

**राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' मंगलवार (6 फरवरी) सुबह झारखंड के खूंटी जिले से फिर शुरू हुई थी. मंगलवार को ही यह ओडिशा में प्रवेश कर सकती है. ओडिशा के बाद यात्रा छत्तीसगढ़ में प्रवेश करेगी. मणिपुर से शुरू हुई यह यात्रा 67 दिनों में 6000 से ज्यादा किलोमीटर का सफर करके 15 राज्यों के 110 जिलों से होते हुए 20 मार्च को मुंबई पहुंचकर समाप्त होगी.**

### अखिलेश के तंज पर ये बोले थे जयराम रमेश

**मीडिया के साथ अखिलेश यादव की इस बातचीत का वीडियो कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने अपने हैंडल से शेयर करते हुए लिखा था, ''उत्तर प्रदेश में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के विस्तृत रूट और कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की जा रही है. एक-दो दिन में इसे अंतिम रूप दे दिया जाएगा. इसके बाद इसे राज्य में 'इंडिया' गठबंधन के घटक दलों के साथ साझा किया जाएगा.'' जयराम रमेश ने कहा था, ''उनका ('इंडिया' गठबंधन के घटक दल) भारत जोड़ो न्याय यात्रा में भाग लेना इंडिया गठबंधन को और मजबूत करेगा. 16 फरवरी की दोपहर को यात्रा के यूपी में प्रवेश करने की उम्मीद है.'' बता दें कि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी 'इंडिया' गठबंधन का हिस्सा हैं, जिसे लोकसभा चुनाव 2024 में बीजेपी से मुकाबला करने के लिए दो दर्जन से ज्यादा विपक्षी दलों ने साथ आकर बनाया है.**

# CPWD अधिकारी ने मौत को लगाया गले... इमारत से कूदा

**मुंबई :** केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) में तैनात एक 36 वर्षीय अधिकारी ने रविवार दोपहर वडाला के एंटॉप हिल इलाके में स्थित एक अपार्टमेंट इमारत से कूदकर आत्महत्या कर ली एंटॉप हिल पुलिस के मुताबिक, मृतक पंकज केशव मानसिक परेशानी से जूझ रहा था, ऐसा केशव के परिवार वालों ने पुलिस को बताया. घटना के दिन, केशव के परिवार के सदस्यों ने उसकी मानसिक बीमारी के लिए उसे पुनर्वास केंद्र में ले जाने पर चर्चा की।

पुलिस ने कहा कि उसके लक्षणों में कथित तौर पर चिंता, मतिभ्रम, घबराहट और व्यामोह शामिल थे। उसे ऐसा महसूस होगा कि कोई उसका पीछा कर रहा है, या कोई उस पर हमला करने का प्रयास कर रहा है। रविवार को भी ऐसा ही हुआ जब उसने अपने परिवार से पुनर्वास की खबर सुनी, उसने अपना घर छोड़ दिया और भागना शुरू कर



दिया, उसे कुछ भी पता नहीं था लेकिन वह पीछा किए जाने से चिंतित था। उनकी बिल्डिंग से दो बिल्डिंग दूर, साई को-ऑप सोसाइटी नाम की एक बिल्डिंग में वह दाखिल हुए और चौथी मंजिल पर पहुंच गए। वह एक घर का दरवाजा पीटता रहा लेकिन किसी ने कोई जवाब या जवाब नहीं दिया। वह कहता रहा कि उसे मार दिया जाएगा और अगली बात झ वह उसी मंजिल पर सीढ़ी के बगल वाली खिड़की से जमीन पर कूद गया। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, ''कुछ स्थानीय लोग एकत्र हुए और उन्होंने केशव को परिसर में पड़ा हुआ देखा, उन्होंने हमें (पुलिस) और आपातकालीन सेवाओं को सतर्क किया।

# महाराष्ट्र के धुले मॉब लिंचिंग मामले में सेशन कोर्ट ने सुनाई उम्रकैद की सजा...

## पांच लोगों की पीट-पीटकर हत्या करने में सात आरोपियों को हुई सजा

**पुणे/धुले:** महाराष्ट्र के धुले जिले की एक सत्र अदालत ने 2018 में बच्चा अपहरणकर्ताओं के बारे में सोशल मीडिया पर अफवाहों पर खानाबदोश समुदाय नाथ पंथी दवारी गोसावी के पांच लोगों की पीट-पीट कर हत्या करने के मामले में पांच फरवरी को को सात लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। पुलिस ने इस मामले में कुल 35 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था, लेकिन अदालत ने 28 आरोपियों के खिलाफ पर्याप्त सबूत नहीं होने पर उन्हें बरी कर दिया।

**क्या था पूरा मामला?**

1 जुलाई, 2018 को नाथ पंथी दावारी गोसावी के पांच लोग धुले जिले के रेनपाड़ा गांव में आजीविका की तलाश कर रहे थे। सोशल मीडिया पर गलत अफवाह के कारण बच्चा चोर होने के संदेह में भीड़ ने उन पर हमला कर दिया। पांचों को गांव के ग्राम पंचायत कार्यालय में बंद कर दिया गया। इसके बाद उनकी बेरहमी से पिटाई की गई। तब सामने आया था कि उन्हें तब तक पीटा गया जब उनकी मौत नहीं हो गई। इस मामले के सामने आने के बाद पुलिस ने कुल 35 लोगों पर मामला दर्ज किया गया था, लेकिन अदालत को 28 के खिलाफ सबूत नहीं मिला और उन्हें



बरी कर दिया गया। इस मामले में अन्य सात लोगों को आजीवन सजा के साथ 10,000 रुपये का जुमार्ना भरने का भी निर्देश दिया गया। कोर्ट ने यह जुमार्ना सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के लिए लगाया।

**28 आरोपी क्यों हुए बरी?**

सत्र अदालत में अभियोजन पक्ष की तरफ से कड़ी दलीलें रखी गई। इसमें कहा गया है कि पीड़ितों पर लोहे की छड़ों, पत्थरों, ईंटों, लकड़ी के लट्ठों और तख्तों से हमला किया गया। इससे साफ तौर पर जाहिर होता है कि उन्होंने मारने के इरादे से पिटाई की थी। बरी किए गए लोगों में वे आरोपी भी शामिल थे जिन्हें 2019 में बॉम्बे हाई कोर्ट और सत्र अदालत ने जमानत दे दी थी। उन्होंने कहा था कि उनके खिलाफ आरोप पीड़ितों पर हमला करने के नहीं बल्कि हमले के समय पुलिस टीम में बाधा डालने के थे। दोषी ठहराए गए लोगों की पहचान महारू पवार, दशरथ पिम्पलसे, हीरालाल गवली, गुलाब पाडवी, युवराज चौरे, मोतीलाल साबले और कालू गावित के रूप में की गई है।

# कोर्ट ने आरोपी मुनीब मेमन की जमानत याचिका खारिज कर दी

**मुंबई:** विशेष अदालत ने अगस्त 2012 में पुणे के जंगली महाराज रोड पर हुए विस्फोटों के सिलसिले में दर्ज आरोपियों में से एक मुनीब मेमन की जमानत याचिका खारिज कर दी है। मेमन ने मुकदमे में देरी का हवाला देते हुए जमानत मांगी थी और दावा किया था कि जब बॉम्बे हाई कोर्ट ने सितंबर 2022 में उसकी जमानत याचिका खारिज कर दी, तो उसने विशेष अदालत को दिसंबर 2023 के अंत तक मुकदमा खत्म करने का निर्देश दिया। हालांकि, उन्होंने कहा कि मुकदमा अभी तक समाप्त नहीं हुआ है। और यह अभी शुरू हुआ है. कोर्ट; हालाँकि, उनकी जमानत के आधार को खारिज कर दिया।

इस बीच, दो आरोपियों, फिरोज उर्फ हमजा सैयद और इमरान पठान ने मुकदमे में देरी का हवाला देते



हुए पिछले महीने दोषी ठहराया था और न्यूनतम सजा की गुहार लगाई थी। उन्होंने दलील दी कि वे अपनी गिरफ्तारी के बाद से अब तक 11 साल की सजा काट चुके हैं। अदालत ने उनकी याचिका यह कहते हुए खारिज कर दी कि आवेदक ने सजा सुनाते समय नरमी बरतने की प्रार्थना की थी। चूँकि आवेदक न्यूनतम सजा लगाने की शर्त पर दोष स्वीकार करना चाहता है, इसलिए यह प्ली बार्गेनिंग के समान होगा। ''आरोपी पर देश की सुरक्षा और संप्रभुता के खिलाफ गंभीर अपराध के लिए आरोप पत्र दायर किया गया है, जिसे हल्के में नहीं लिया जा सकता है। भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने कई मामलों में अदालतों पर इस बात पर जोर दिया है कि उन्हें ऐसे अपराधों और ऐसे अपराधों में शामिल आरोपी व्यक्तियों से निपटते समय संवेदनशील होना चाहिए। अवैध प्रावधानों की व्याख्या करते समय न्यायालय उक्त तथ्य को नजरअंदाज नहीं कर सकता। अदालत ने दोनों आवेदनों पर अलग-अलग पारित अपने आदेश में कहा, ''आरोपी को दोषी मानने के आवेदन को स्वीकार करना और नरम रुख अपनाना उसके प्रति अनुचित सहानुभूति दिखाने जैसा होगा।'' 1 अगस्त 2012 को, पांच विस्फोटों की सूचना मिली थी, जबकि जंगली महाराज रोड पर राशि चक्र की दुकान के सामने खड़ी साइकिल के सामने वाहक टोकरी में एक जिंदा बम था और उसे नष्ट कर दिया गया था। इन धमाकों में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है.

# पुणे जिले में तहसीलदार कार्यालय में ईवीएम मशीन की चोरी

**पुणे :** पुणे ग्रामीण तहसील कार्यालय से ईवीएम मशीन चोरी होने का मामला सामने आया है. सोमवार सुबह पुणे जिले के सासवाड़ा में अज्ञात लोगों ने तहसीलदार कार्यालय का ताला तोड़ दिया और परिसर में रखी ईवीएम डेमो मशीन चुरा ली। पुणे के सासवड में हुई ये घटना सीसीटीवी में भी कैद हो गई. तहसील कार्यालय के कर्मचारियों ने पाया कि सुरक्षित कमरे का ताला टूटा हुआ था और कमरे में स्थित एक ईवीएम मशीन



की नियंत्रण इकाई चोरी हो गई थी। सासवड तहसीलदार कार्यालय में रखे कई ईवीएम उपकरणों में से एक डेमो ईवीएम उपकरण को तीन अज्ञात चोरों ने कार्यालय का ताला तोड़कर चोरी कर लिया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन किया. इस दौरान उन्होंने देखा कि कैसे चोर कंप्यूटर मशीन ले गये. इसके बाद सासवड पुलिस स्टेशन में ईवीएम चोरी का मामला दर्ज किया गया और पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी.

पुणे ग्रामीण पुलिस अधीक्षक पंकज देशमुख ने कहा कि अपराध के संबंध में तीन अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ सासवड पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है। सासवड तहसीलदार पुलिस इलाके के तीन अज्ञात चोरों से पूछताछ कर रही है. हम आपको बता दें कि सासवड तहसीलदार कार्यालय में कुल 40 ईवीएम रखी गई थीं। हालाँकि, तीन चोरों ने केवल एक ईवीएम डेमो यूनिट चुराई। उसने ईवीएम मशीन क्यों

दैनिक
रोकठोक लेखनी
मुंबई : बुधवार 07 फरवरी 2024





# मीठी नदी के तीसरे चरण का विकास कार्य की दोबारा निकली निविदा

## खर्च बढ़कर पहुंचा 3 हजार 67 करोड़...

मुंबई : मानसून के समय मुंबई में सबसे बड़ी चिंता मीठी नदी के उफान पर आने पर होने वाली परेशानी की चिंता रहती है। मीठी नदी का प्रकोप 2005 के बाढ़ में दिखाई दिया था जिसमें बड़े पैमाने पर जान माल का नुकसान हुआ था। मीठी नदी का विकास कार्य चार चरण में किया जा रहा है। तीसरे चरण के काम का खर्च 3 हजार 67 करोड़ से अधिक पहुंच गया है जबकि इसी काम का खर्च मार्च 2023 में 2 हजार 556 करोड़ खर्च होने का अंदाज लगाया गया था। अब खर्च में अब बढ़ोत्तरी हो गई है।

उल्लेखनीय है कि मीठी नदी पूर्व उपनगर पवई से लेकर पश्चिम उपनगर बांद्रा से लेकर मुंबई के शहरी भाग माहिम तक फैली हुई है। मीठी नदी का प्रकोप सबसे अधिक कुर्ला इलाके में देखने को मिलता है ।मानसून के समय कुर्ला परिसर में पानी का प्रवाह बढ़ने



से बड़ा नुकसान होने का खतरा बना रहता है ।वर्ष 2005 में मुंबई में आए प्रलय कारी बाढ़ के समय मीठी नदी के किनारे हुई बाढ़ की तबाही से बड़ा नुकसान हुआ था ।इसी के बाद मीठी नदी का विकास ब्रिम स्टोवैड प्रियोजना के तहत किया जाने लगा। मानसून के दौरान मीठी नदी की सफाई के लिए मनपा की ओर से अलग से बजट का प्रावधान किया जाता है ।मीठी नदी की गहराई बढ़ाने चौड़ाई बढ़ाने और सुरक्षा दीवार बनाने का काम सहित मीठी नदी में दूषित पानी न जा सके जिससे समुद्र का पानी दूषित न हो इसके लिए मीठी नदी का विकास चार चरणों में करने का निर्णय लिया गया। मीठी नदी के तीसरे चरण का काम को लेकर जो कि सी एस एम टी रोड कुर्ला से माहिम काजवे तक विभिन्न कामों को किया जाना है ।मनपा ने मार्च 2023 में निविदा निकाली थी जिसमे सुरक्षा दीवार से लेकर मीठी नदी के पास तक पहुंचने के लिए सड़क बनाने का प्रोजेक्ट शामिल था इस दौरान इस प्रोजेक्ट पर लगभग 2 हजार 556 करोड़ रुपए खर्च आने का अनुमान लगाया गया था ।निविदा निकालने के बाद भी निविदा प्रक्रिया रोक दी गई। मनपा ने अब इसी कार्य का टेंडर निकाला है जिसका खर्च 3 हजार 67 करोड़ 55 लाख पहुंच गया हैं। तीसरे चरण में मीठी नदी में सी एम एस टी कुर्ला रोड से माहिम काजवे तक सुरक्षा दीवार बनाना,सेवा रास्ता बनाना, फ्लड गेट निर्माण करना पंप लगाना , सुशोभिकरण करना और मलप्रवाह स्थालंतर करना है।

### अन्य चरण के कामों की जानकारी

मीठी नदी के पहले चरण का काम फिल्टर पाड़ा से पवई डब्लू एस पी कंपाउंड ) तक इंटर सैप्टर का काम,मल नि: सारण पाइप लाइन डालना, आठ एम एल डी दोषित पानीं पर प्रक्रिया करना आदि था जिस पर 133 करोड़ खर्च किया जाना था। दूसरे चरण में पवई डब्लू एस पी कंपाउंड से कुर्ला सी एस एम टी तक सुरक्षा दीवार बनाया जाना ,मल नि: सारण पाइप लाइन डालने के लिए कुल 570 करोड़ का टेंडर दिया गया है जिसमे 50 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। मीठी नदी के चौथे चरण का काम बापट नाला से सफेद पूल नाला से धारावी मलजल प्रकिया केंद्र बनाना और उसको जोड़ने के लिए टनल बनाना का 455 करोड़ का टेंडर दिया गया है ।अब तक 60 प्रतिशत का काम पूरा हों चुका है ।

### खर्च में हुई बढ़ोत्तरी

मीठी नदी के तीसरे चरण के काम को पूरा करने के लिए पहले 2 हजार 556 करोड़ लागत आने की संभावना वयक्त की गई थी। जो अब बढ़कर 3 हजार 67 करोड़ 55 लाख रूपया पहुंच गई है। जिसमे दस साल का प्रचलन और परिक्षण को भी समाविष्ट किया गया है। मनपा ने वर्ष 2024 25 के बजट में मीठी नदी के दूसरे तीसरे और चौथे चरण का काम के लिए 451 करोड़ 75 लाख रुपए का बजट प्रावधान किया है।

# मीरा-भयंदर/ पुलिस बनने का इच्छुक व्यक्ति बना चेन स्नैचर... गिरफ्तार



**मीरा-भयंदरः** मीरा भयंदर-वसई विरार (एमबीवीवी) पुलिस से जुड़ी अपराध शाखा इकाई (जोन कक्क) ने विरार और आसपास के इलाकों में चेन स्नैचिंग के कई मामलों में कथित संलिप्तता के लिए एक 28 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। दिलचस्प बात यह है कि जिस आरोपी की पहचान अमित नाथू शनवार (28) के रूप में हुई है, वह एक महत्वाकांक्षी पुलिसकर्मी निकला, जो राज्य सरकार द्वारा हाल ही में मुंबई में आयोजित मेगा पुलिस भर्ती अभियान में कांस्टेबल की नौकरी के लिए अर्हता प्राप्त करने में विफल रहा था। बाइक सवार लुटेरों द्वारा चेन छीनने की बढ़ती घटनाओं से चिंतित एमबीवीवी प्रमुख मधुकर पांडे ने अपराध शाखा इकाई को अपराधियों को पकड़ने का काम सौंपा।


मुखबिरों द्वारा उपलब्ध कराए गए इनपुट और अपराध स्थल और संभावित पलायन मार्गों के पास स्थापित क्लोज सर्किट टेली-विजन (सीसीटीवी) कैमरे द्वारा कैद किए गए फुटेज के आधार पर, पुलिस निरीक्षक-प्रमोद बदख के नेतृत्व में एक टीम को संदिग्ध के बारे में सुराग मिला और उसे गिरफ्तार कर लिया गया। शनिवार को दहानू का तलासरी इलाका।

आरोपी, जिसके बारे में कहा जाता है कि वह एक विशेषज्ञ सवार है, हेलमेट पहने हुए एक बाइक में इधर-उधर घूमता रहा और बिजली की गति से भागने से पहले नागरिकों-विशेष रूप से महिला बाइक चालकों की चेन छीनने के लिए उनका पीछा करता था, जबकि अपने बाइक सवार लक्ष्यों के जीवन को खतरे में डालता था। वे आश्चर्यचकित रह गए और कभी-कभी अपना संतुलन खो बैठे। ''पूछताछ के दौरान, आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसने हाल ही में चेन स्नैचिंग को अपनाया ताकि वह पर्याप्त धन की व्यवस्था कर सके जो उसे अपनी लंबे समय से प्रेमिका से शादी करने के लिए आवश्यक थी।'' बधाख ने कहा।

# एक करोड़ रुपये की घूस मांगने के आरोप में राज्य कर सहायक आयुक्त, अन्य के खिलाफ मामला दर्ज

**मुंबई :** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने कर संबंधी एक लंबित मामले के निपटारे को लेकर एक कंपनी के निदेशक से एक करोड़ रुपये की रिश्वत मांगने के आरोप में एक राज्य कर सहायक आयुक्त और महाराष्ट्र जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) विभाग के कुछ अन्य अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि एसीबी मुंबई इकाई ने राज्य कर (जांच शाखा) के सहायक आयुक्त अर्जुन सूर्यवंशी और अन्य अधिकारियों के खिलाफ दो फरवरी को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा सात के तहत मामला दर्ज किया।

भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम की धारा सात लोक सेवक को रिश्वत देने से जुड़े अपराध से संबंधित है।




अधिकारियों ने कहा कि राज्य कर के विशेष आयुक्त और मुख्य सतर्कता अधिकारी ने महाराष्ट्र के पुलिस महानिदेशक (एसीबी) को एक पत्र लिखकर राज्य कर की जांच शाखा के अधिकारियों के कथित भ्रष्टाचार के मामले की जांच किए जाने की मांग की थी जिसके बाद प्राथमिकी दर्ज की गई थी। अधिकारी ने कहा कि जांच के दौरान यह पता चला कि सूर्यवंशी और उनकी टीम ने पिछले साल पांच जुलाई से सात अगस्त के बीच एक कंपनी के खिलाफ छापेमारी की थी। इस कंपनी पर 20 करोड़ रुपये से अधिक का कर बकाया था।

उन्होंने कहा कि कई बार नोटिस भेजे जाने के बावजूद कंपनी के निदेशक ने लंबित कर का भुगतान नहीं किया जिसके बाद जीएसटी विभाग के अधिकारी निदेशक के कार्यालय और आवास गए। अधिकारी ने कहा कि 21 अगस्त को सूर्यवंशी ने कथित तौर पर एक व्हाट्सऐप संदेश भेजकर कंपनी के निदेशक से कर संबंधी मामले को निपटाने के लिए एक करोड़ रुपये की मांग की। उन्होंने कहा कि जांच के दौरान रिश्वत की मांग किए जाने की पुष्टि हुई (हालांकि पैसे का आदान-प्रदान नहीं हुआ था) जिसके बाद प्राथमिकी दर्ज की गई और आगे की जांच जारी है।

# इमारत की दूसरी मंजिल पर लगी आग, किसी के हताहत होने की खबर नहीं

**मुंबईः** अधिकारियों ने कहा कि महाराष्ट्र के मुंबई में मंगलवार को एक इमारत की दूसरी मंजिल पर आग लग गई। फिलहाल कोई घायल या हताहत नहीं हुआ है। घटना मुंबई के ग्रांट रोड इलाके में स्थित कमाठीपुरा इलाके की गली नंबर 3 में हुई . मुंबई अग्निशमन विभाग के मुताबिक , आग की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की पांच गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग





पर काबू पाना शुरू कर दिया. आग लगने का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है. अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है. इस बीच, अधिकारियों ने बताया कि महाराष्ट्र के नवी मुंबई में एक बहुमंजिला इमारत की 27वीं मंजिल पर सोमवार रात आग लग गई। कोई चोट या हताहत नहीं हुआ है. यह घटना महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम (एमआईडीसी) क्षेत्र में हुई। अग्निशमन विभाग की त्वरित प्रतिक्रिया से यह सुनिश्चित हुआ कि दमकल की गाड़ियां समय पर घटनास्थल पर पहुंच गईं।

# कच्चे तेल से भरी मालगाड़ी में अचानक लगी आग

**मुंबईः** रायगढ़ जिले के पनवेल और खालापुर के बीच चौक रोड के पास मंगलवार दोपहर कच्चे तेल से भरी एक मालगाड़ी में अचानक आग लग गई. इसके चलते पनवेल और खालापुर के बीच रेल सेवा भी प्रभावित हुई है. अग्निशमन अधिकारियों के मुताबिक, मुंबई से मिराज की ओर कच्चे तेल के वैगन लेकर जा रही मालगाड़ी में चौक



रोड के पास आग लगने की सूचना मिली थी. इस घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई. रेलवे की टीमें और पनवेल फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और आग बुझाने में जुट गई।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : शॉप नंबर ४ , मदीना मेंशन, ८१ ए, कैडल रोड, अपोजिट बिल्लाबोंग स्कूल, माहिम पश्चिम, मुंबई ४०००१६ , महाराष्ट्र मोबाइल नं 998777 5650 व्हाट्सप्प नं 7977408589: Email-editor@rokthoklekhaninews.com